# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा,(छ.ग.)

**क./ 6209 /एन.एच.एम/मु.चि.अ/भर्ती/2024** **दन्तेवाड़ा, दिनांक 17 / 01 /2024**

**--:: वाक-इन-इंटरव्यू सूचना ::--**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु जिले की आर.ओ.पी. में स्वीकृत पदों तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/जिला स्वास्थ्य समिति, जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ0ग0) अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों में भर्ती **वाक इन इंटरव्यू** के माध्यम से किये जाने हेतु विज्ञापन की सूचना प्रकाशित की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार निर्धारित संलग्न प्रपत्र में आवदेन पत्र के साथ स्वयं, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ0ग0) में पदवार निर्धारित दिनांक को उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते है। स्पीड पोस्ट, रजिस्टर डाक, साधारण पोस्ट या अन्य किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जावेगा तथा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को भी स्वीकार नहीं किया जायेगा। भर्ती संबंधी नियम-शर्तें एवं आवेदन का प्रारूप जिला-दन्तेवाड़ा के शासकीय वेबसाईट www.dantewada.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)**

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा,(छ.ग.)

क्र./ 6208 /एन.एच.एम/मु.चि.अ/भर्ती/2024 दन्तेवाड़ा, दिनांक 17/01/2024

**—:: वाक–इन–इंटरव्यू सूचना ::—**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–2024 हेतु जिले की आर.ओ.पी. में स्वीकृत पदों तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/जिला स्वास्थ्य समिति, जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ0ग0) अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों में भर्ती **वाक इन इंटरव्यू** के माध्यम से किये जाने हेतु विज्ञापन की सूचना प्रकाशित किया जा रही है। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार निर्धारित संलग्न प्रपत्र में आवदेन पत्र के साथ स्वयं, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ0ग0) में पदवार निर्धारित दिनांक को उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते है। स्पीड पोस्ट, रजिस्टर डाक, साधारण पोस्ट या अन्य किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जावेगा तथा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को भी स्वीकार नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का वर्गवार विवरण निम्नानुसार है:—

| क्र. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | एकमुश्त वेतनमान | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | दिव्यांग जन हेतु आरक्षित पद | शैक्षणिक योग्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ST | | SC | | OBC | | UR | | | |
| | | | | Open | F | Open | F | Open | F | Open | F | | |
| 1 | Community Health Officer | **14** | 16500/- | 10 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 02 (ST) OL | B.Sc. Nursing certificate in Community Health Integrated Course OR Post Basic B.Sc. Nursing certificate in Community Health Integrated Course & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council |
| 2 | Staff Nurse (SNCU) | **8** | 16000/- | 5 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council |
| 3 | Staff Nurse (NBSU) | **7** | 16000/- | 4 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council |
| | **Total-** | **29** | | **19** | **8** | **0** | **0** | **01** | **0** | **1** | **0** | **02** | |

टीप:—

1. पद क्र0 01कम्यूनिटी हेल्थ आफिसर के 10 पद ST ओपन में 02 पद ST (OL) दिव्यांग सम्मिलित हैं।
2. भर्ती राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी **मानव संसाधन नीति 2018** के नियमों के अनुरूप किया जावेगा।
3. अधिसूचित रिक्तयों को घटाया या बढ़ाया जा सकता है, या रिक्तियों को निरस्त भी किया जा सकता है। उक्त अधिकार जिला चयन समिति/ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को होगा।

**आवेदन संबंधी दिशा निर्देश–**

1. एक से अधिक पदों हेतु भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग–अगल आवदेन जमा करना होगा। आवेदन का प्रारूप जिला–दन्तेवाड़ा के शासकीय वेबसाईट www.dantewada.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

2. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटि पूर्ण आवदेन पत्र के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी। प्रत्येक आवेदकों को चाहिए की विज्ञापन में दिये गये दिशा निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी ध्यान से देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवदेन पत्र में कोई भी जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उक्त त्रुटि/अपूर्णता/अस्पष्टता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
3. अभ्यार्थी को आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो राजपत्रित अधिकारी/स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकाना होगा।
4. उपरोक्त पदों पर आवेदन के साथ वांछित योग्यता प्रमाण पत्र, मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता, अनुभवन संबंधित प्रमाण पत्र, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं पंजीयन प्रमाण प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों की छाया प्रति अनिवार्यतः सत्यापित कर संलग्न करें। संलग्न नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त करने का अधिकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को होगा।
5. सभी नियुक्तियां संविदा आधार पर पूर्णतः अस्थाई व अस्थानांतरणीय होगी।

**आयु सीमा –**

1. संविदा भर्ती के लिए न्युनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद पर होनी चाहिए। शासन द्वारा समय – समय पर आयु सीमा में दी गई छुट का प्रवाधान होगा।
2. आयु की गणना अनुबंध वर्ष 01.01.2024 के अनुसार की जावेगी।

**संविदा अवधि एवं संविदा नियमः–**

1. संविदा सेवा की अवधि नियुक्ति दिनांक 31.03.2024 तक के लिए होगी। जो कि प्रत्येक वर्ष कर्मचारियों/अधिकारियों की वार्षिक कार्यमूल्यांकन कर अनुसंशा, संविदा सेवा की निरंतरता का निर्धारण किया जा सकेगा।
2. संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुस्त मानदेय या अन्य राशि प्रावधानित ROP अनुसार देय होगा।
3. यात्रा भत्ता, वाहन व अन्य सुविधाएं मानव संसाधन नीति – 2018 के अनुरूप पात्रता होगी।

**आवेदन शुल्क–**

1. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार निर्धारित शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा डी.डी. के माध्यम से **जिला स्वास्थ्य समिति दन्तेवाड़ा** के नाम से बनवाकर जमा करना अनिवार्य होगा, जो वापसी योग्य नहीं होगा। निर्धारित दिनांक के पश्चात बनाये गए डी.डी को अमान्य किया जावेगा।

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह 25000 या 25000 से कम वाले पद हेतु |
|---|---|
| दिव्यांग/अ.जा./अ.ज.जा./महिला | 100/– |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 200/– |
| अनारक्षित वर्ग | 300/– |

2. एक से अधिक पदों में भर्ती हेतु इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवदेन एवं निर्धारित शुल्क (डिमांड ड्राफ्ट) प्रस्तुत करना होगा।
3. आवदेन प्रारूप में **डिमांड ड्राफ्ट का क्रमांक, दिनांक, राशि एवं बैंक** का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।
4. बिना आवेदन शुल्क (डिमांड ड्राफ्ट) के आवेदन करने पर आवेदन पत्र अमान्य किया जावेगा।

**चयन प्रक्रिया–**

1. प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी उपरांत दावा–आपत्ति हेतु पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची, सूचना एवं अन्य दिशा निर्देश कार्यालय मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा के सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा, इसी प्रकार अनन्तिम सूची व मेरिट सूची का प्रकाशन भी किया जावेगा। चयन सूची एवं प्रतिक्षा सूची **www.dantewada.gov.in** पर आवेदक स्वयं जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, इसके पश्चात् कार्यालय द्वारा आवेदक को किसी प्रकार की सूचना नहीं मिलने का दावा अमान्य होगा।
2. प्राप्त आवेदनों में से मेरिट अनुसार रिक्तयों के आधार पर निम्न तालिका में दिये संख्या अनुसार अभ्यर्थियों को पद अनुरूप दस्तावेज सत्यापन/लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा/ साक्षात्कार हेतु आहुत किया जावेगा–

| **क्र.** | **कुल विज्ञापित पदों की संख्या** | **स्क्रीनिंग हेतु अभ्यर्थियों की संख्या** |
|---|---|---|
| 01 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुणा |
| 02 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 5 गुणा |

3. आवेदक आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों व प्रमाण पत्रों की मूल प्रति दस्तावेज सत्यापन हेतु अपने साथ अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा।
   - 10वीं की अंकसूची जन्मतिथि प्रमाण हेतु।
   - 12वीं की अंकसूची।
   - निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्रत्येक वर्ष की अंकसूची।
   - निर्धारित वांछनीय शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची।
   - छ.ग. काउंसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
   - जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी वैध निर्धारित प्रारूप में जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र।
   - सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैध जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
   - छ.ग. राज्य का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र।
   - संबंधित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र यदि हो तो (अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमानय किया जावेगा)।
   - पहचान पत्र (आधार कार्ड, ड्रयविंग लाईसेंस, वोटर आई.डी., पासपोर्ट, पैन कार्ड आदि)
4. उपरोक्त समस्त दस्तावेज प्रस्तुत ना करने एवं परीक्षण के दौरान अथवा नियुक्ति उपरांत किसी भी समय या किसी भी प्रकार से दस्तावेजों के असत्य पाये जाने पर अभ्यर्थी की नियुक्ति अमान्य की जा सकेगी।

**प्रवीण्य सूची–**

1. अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनायी जावेगी–
   - अभ्यर्थियों का चयन वांछनीय आर्हता/शैक्षणिक योग्यता + अनुभव के अंक के योग की मेरिट आधार पर किया जावेगा।
   - वांछनीय अर्हता/शैक्षणिक योग्यता– अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्षों के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 65 प्रतिशत। ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिए शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत का 60 प्रतिशत।
   - अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय/अर्धशासकीय संस्थान (केन्द्र व छ.ग. शासन का उपक्रम) का ही मान्य होगा, निःशुल्क कार्य का अनुभव मान्य नहीं होगा।
     (पद से संबंधित कार्यानुभव पर प्रति वर्ष 02 अंक व अधिकतम 10 अंक एवं एन.एच.एम में नियुक्त होकर कार्य करने का अनुभव पर प्रति वर्ष 03 अंक व अधिकतम 15 अंक प्रदान किया जावेगा। ए.एन.एम./जी.एन.एम. नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिए अनुभव के प्रतिवर्ष

का 04 अंक व अधिकतम 20 अंक दिया जाना प्रावधानित है। समस्त प्रकार के अनुभव के अंको का योग 20 अंक से अधिक प्रदाय नहीं किया जावेगा। 01 प्रतिपूर्ण वर्ष 365 दिवस के ही गणना की जावेगी।)

टीपः— अवर सचिव, छ0ग0 शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेशानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान **छ.ग. राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को** विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंको का लाभ दिया जा सकता है।

2. अंतिम चयन सूची शैक्षणिक योग्यता, अनुभव के अंक के योग के आधार पर मेरिटक्रम अनुसार आमंत्रित किया जावेगा। यदि यचन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होता है, तो उनकी दावेदारी निरस्त कर दी जावेगी इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नही होगा।
3. प्रतीक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पद के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 25 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत एवं 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा। ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरें जा सके।
4. प्रतीक्षा सूची की वैधता चयन सूची प्रकाशन तिथि से 01 वर्ष अथवा आगामी नवीन विज्ञापन जारी होने तक की होगी इस समयाविध में स्वीकृत नये पद अथवा त्याग पत्र या किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को इसी प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।

**भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा निर्देश–**

1. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे अन्यथा आवेदन निरस्त किये जायेंगे।
2. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जावेगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र केवल छ.ग. शासन/यू.जी.सी./ए.आई.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा ही मानय होगा।
4. **ऐसे अभ्यर्थी जिनका अंकसूची ग्रेडिंग पद्धति का है, को ग्रेडिंग गणना पद्धति द्वारा पूर्णांक, प्राप्तांक एवं प्रतिशत का उल्लेख करना अनिवार्य है तथा इस संबंध में संबंधित शैक्षणिक संस्था/स्कूल से संस्था प्रमुख द्वारा जारी गणना पत्रक/चार्ट की सत्यापित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा अपात्र किया जा सकता है।**
5. यदि 02 या 02 से अधिक आवेदकों के कुल प्राप्तांक समान हो जाते है तो उनके चयन की प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार होगा–
   1. शैक्षणिक योग्यता का भारांश अंक
   2. आयु (अधिक आयु वाले आवेदकों को प्राथमिकता दिया जावेगा)।
6. दावा आपत्ति के दौरान अभ्यर्थियों के द्वारा अतिरिक्त/पूरक दस्तावेज अंतिम तिथि अथवा समय पश्चात् अलग से स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं दावा आपत्ति की अंतिम तिथि/समय पश्चात् किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
7. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत कर्मचारियों को उन संस्थाओं के नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा, अन्यथा आवेदन विचारणीय नहीं होगा।
8. विज्ञापित पदों पर भर्ती प्रक्रिया माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।

9. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी विवाद पर अंतिम निर्णय लेने का सर्व अधिकार गठित चयन समिति/मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा का होगा।
10. विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन या नियुक्ति के किसी भी स्तर पर सुधारी जा सकती है। ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबधं में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं होगा।
11. अभ्यार्थी को उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
12. उक्त नियुक्तियां राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा गठित समिति के माध्यम से किया जावेगा।
13. जिले में प्रचलित रोस्टर पद्धति के अनुसार आरक्षण प्रावधान लागू किया जावेगा।
14. आवेदक द्वारा नियुक्त हेतु किसी प्रकार की सिफारीश या राजनितिक दबाव आदि अनैतिक हथकंडे दबाव बनाने पर आवेदक के विरूद्ध एक तरफा कार्यवाही कर आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया जावेगा एवं उम्मीदवार का चयन/पदस्थापना उपरांत भी गलती पाए जाने पर सेवा समाप्ति का अधिकार न्योक्ता का होगा, इस पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
15. भर्ती प्रक्रिया में आवेदकों को उनके योग्यता के आधार पर पात्र/अपात्र करने का अधिकार चयन समिति/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को होगा।
16. निर्धारित तिथि/समय पश्चात् उपस्थित आवेदकों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
17. अपराधिक प्रवृत्ति एवं कदाचरण व अन्य अनैतिक कार्य में लिप्त पाये गये आवेदक द्वारा आवेदन करने पर उनका आवेदन स्वतः निरस्त माना जावेगा।
18. समस्त पदों पर आवेदन पंजीयन, पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन, दावा आपत्ति एवं निराकरण, तथा अंतिम सूची का प्रकाशन निम्नलिखित तालिका अनुसार तिथि व समय में किया जावेगा।

| क्र. | पद क्रमांक | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | भर्ती प्रक्रिया गतिविध का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Community Health Officer | 14 | दिनांक 05.02.2024 प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक आवेदन पंजीयन (आवेदन जमा लिया जावेगा) |
| 2 | 2 | Staff Nurse (SNCU) | 8 | दिनांक 07.02.2024 प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक आवेदन पंजीयन (आवेदन जमा लिया जावेगा) |
| 3 | 3 | Staff Nurse (NBSU) | 7 | दिनांक 09.02.204 प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक आवेदन पंजीयन (आवेदन जमा लिया जावेगा) |

**टीपः– भर्ती प्रक्रिया अन्तर्गत निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर परिवर्तन करने का अधिकार जिला चयन समिति/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का होगा।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)

## — आवेदन पत्र प्रारूप —

प्रति,

| आवेदक के पासपोर्ट साईज का फोटा अभिप्रमाणित कर चस्पा करें। |
|---|

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,**
**जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा**

**आवेदित पद का नाम..............................................................................**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक/आवेदिका का नाम (हिन्दी में) | : ................................................................................... |
| | (अंग्रेजी में) | : ................................................................................... |
| 2 | पिता/पति का नाम | :.................................... ......................................... |
| 3 | जाति | :..............................श्रेणी(ST/SC/OBC/UR)................ |
| 4. | जन्म तिथि | : ................................................................................... |
| 5. | आयु दिनांक 01.01.2024 | : वर्ष..............................माह................दिन............... |
| | (प्रमाण पत्र/अंकसुची की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 6. | पत्र व्यवहार का पता | : ................................................................................... |
| | | : ................................................................................... |
| 7. | स्थायी पता | : ................................................................................... |
| | | : ................................................................................... |
| 8 | मो.नं. व ई–मेल आई.डी. | :................................................................................... |
| 9. | लिंग (महिला/पुरूष) | : ................................................................................... |
| 10. | क्या आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी है: | ................................................................................... |
| | यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें। | |
| 11. | क्या आवेदक छ.ग. शासन द्वारा छ.ग. राज्य : | ................................................................................... |
| | के लिए घोषित अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है हां/नही | |
| | यदि हां तो समक्ष अधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें। | |
| 12. | क्या आवेदक दिव्यांग है | : ................................................................................... |
| 13. | यदि हां तो दिव्यांग का प्रकार एवं प्रतिशत : | ................................................................................... |
| | (मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें ) | |
| 14. | क्या आवेदक विवाहित है? हां/नही | : ................................................................................... |
| | यदि हां तो विवाह की तिथि | : ................................................................................... |
| 15. | जीवित बच्चों की संख्या एवं जन्मतिथि | : ................................................................................... |

16. शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी योग्यता

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |
| 6 | | | | | | |

**नोट :– शैक्षणिक योग्यता की पूर्णांक/प्राप्तांक एवं प्रतिशत अंकित करना अनिवार्य है।**

17. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धषासकीय संस्थान में सेवारत् है? हां/नही यदि हां तो समक्ष अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें:–.............................

18 वर्तमान तथा पूर्व नौकरी का विवरण यदि हां तो : ..................................................................
अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें,

19. क्या आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण थाने /न्यायालय में अनुसंधान/ विचारण हेतु लंबित है अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें : ..................................................................

20. संलग्न डिमांड ड्राफ्ट का क्रमांक :– :.................................दिनांक...............................
राशि ........................बैक का नाम.......................

21. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूचीः–

1.................................................................... 2 ....................................................................
3.................................................................... 4 ....................................................................
5.................................................................... 6 ....................................................................
7.................................................................... 8 ....................................................................

(कुल सहपत्रों की संख्या :– .........................)

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**
**पूरा नाम** .....................................

**घोषणा पत्र**

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दिया गया उपरोक्त विवरण सही है। यदि उपरोक्त विवरण का कोई अंश असत्य पाया जाता है, तो नियुक्ति के पश्चात् भी सक्षम अधिकारी द्वारा मेरी उम्मीदवारी निरस्त किये जाने/सेवा समाप्त किये जाने अथवा किसी भी दण्ड, जो वह उचित समझे के लिये मैं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी।

दिनांक .....................
स्थान ........................

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**
**पूरा नाम** .....................................